**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**30 अगस्त 2024, समय 1810**

**समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में ज़िला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।**
- **पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सरकार ने एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन-पत्र जारी किया और भविष्य पोर्टल का ई-एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण किया गया।**
- **हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड  की मेजबानी में चंडीगढ़ में आयोजित स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद् का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।**
- **हरियाणा बी.जे.पी के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सभी विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के बाद बी.जे.पी उम्मीदवारों की सूची जारी होगी ।**
- **पेरिस पैरालंपिक में भारत की शानदार शुरूआत की। निशानेबाज़ी में स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया।**

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में ज़िला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे।सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में बुनियादी ढांचे, समावेशी

अदालत कक्ष, न्यायिक सुरक्षा और प्रशिक्षण सहित जिला न्यायपालिका के मुद्दों पर पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश, केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री तथा महान्यायवादी भी उपस्थित रहेंगे।

पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए , सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन-पत्र जारी किया और भविष्य पोर्टल का मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली ई-एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण किया। इन अनूठे उपायों की शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की।इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, सरकार जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि, सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र और ई-एचआरएमएस के साथ भविष्य पोर्टल के डिजिटल एकीकरण से पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने कहा कि नौ पेंशन फॉर्म को मिलाकर नया एकल फॉर्म बनाया गया है जो पेंशन प्रक्रिया को सरल बनाएगा। पेंशन विभाग के सचिव वी.श्रीनिवास ने कहा कि ई-एचआरएमएस के साथ भविष्य के एकीकरण से पेंशनभोगियों द्वारा पेंशन आवेदन की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पेंशनभोगियों को एसएमएस और ईमेल के ज़रिए स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी एनआईए की एक टीम ने आज सुबह सोनीपत की वर्धमान सोसायटी में स्थित पंकज त्यागी नाम के वकील के घर पर छापेमारी की। एनआईए की टीम ने करीब 5 घंटे

तक पूछताछ के बाद पंकज त्यागी के घर से कुछ जरूरी दस्तावेज और फोन कब्जे में लिए और उसे हिरासत में ले लिया।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी प्रतिबंधित संगठन के नेताओं के खिलाफ एक नक्सल मामले में चार राज्यों में छापेमारी कर रही है। एनआईए की जांच से पता चला है कि कई संगठन और छात्र विंग भारत सरकार के खिलाफ काम कर रहे है। इसी के तहत यह छापेमारी की गई ।हालांकि पंकज त्यागी ने मीडिया को कहा है कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एनआईए ने कोई मामला दर्ज किया है जिसकी पूछताछ के लिए टीम उनके घर पर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि उस मामले से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मेजबानी में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत "योग्यता-आधारित शिक्षण और मूल्यांकन" विषय पर चंडीगढ़ में आयोजित स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद् के 53वें तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज सम्पन्न हो गया। सम्मेलन में देश के लगभग 40 शिक्षा बोर्डों तथा 3 अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा बोर्डों एवं देश के प्रबुद्ध शिक्षाविदों ने भाग लिया गया।कार्यक्रम के समापन पर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० वी.पी. यादव ने देश विदेश से आए सभी प्रबुद्ध शिक्षाविदों का सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश विदेश के शिक्षाविदों की उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी ने स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद् को नई प्रेरणा और दृष्टिकोण दिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सभी शिक्षाविद शिक्षा के स्तर को नई पीढ़ी तक ले जाने के लिए कृतसंकल्प रहेंगे।स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद् एवं नागालैंड

बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती असीनो ने कहा कि सम्मेलन में जो ज्ञान, अनुभव व सुझाव दिए गए हैं, वे शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होंगे और इससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएंगे। सम्मेलन के अंतिम एवं तीसरे दिन केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ० संयम भारद्वाज ने परीक्षाओं में नकल की समस्या और तेलंगाना बोर्ड की प्रतिनिधि श्रीमती जयाप्रदा बाई ने अपने राज्य में अपनाई जा रही परीक्षा पद्धति पर चर्चा की।

.....................................................................................

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि सभी उमीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के बाद एक ही बार में उमीदवारों की सूची जारी की जाएगी। उन्होंने आज एक बयान में कहा कि वह विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सभी 90 सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों को चुनाव लड़वाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा से चुनाव लड़ेंगे।उन्होंने कहा कि आज उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बाकी बची हुई सीटों के लिए भी जल्द बैठक होगी। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सभी 90 सीटों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि सूची को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।शेष सीटों पर चर्चा के लिए 2 दिन का समय और लगेगा।

.....................................................................................

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान जत्थेदार भूपिन्दर सिंह असंध ने अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत की इमरजेंसी फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। चुनाव उपरांत कुरुक्षेत्र में समिति की पहली बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि

बैठक में ऑनलाइन उत्पाद बेचने वाली विश्व प्रसिद्ध कंपनी अमेजॉन पर श्री गुटका साहिब बेचने के विरोध में कानूनी नोटिस भेजने का निर्णय लिया गया है। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को धर्म प्रचार समिति के प्रधान  की जिम्मेदारी फिर से सौंपने का फैसला लिया है। इसके साथ ही जत्थेदार दादूवाल कानूनी मामले भी देखेगें। बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान सुदर्शन सिंह सहगल, कनिष्ठ उप प्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, कार्यकारिणी समिति  के सदस्य  जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

---

कुरुक्षेत्र के मादक पदार्थ विरोधी प्रकोष्ठ ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में पानीपत जिले में समालखा के गाँव बफरा वासी पुजारी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 किलो 830 ग्राम गांजा बरामद किया है।आज एक पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया कि उसे कल शाहबाद सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया गया और तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 32 किलो 830 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना शाहबाद में मामला दर्ज किया गया है ।

---

पेरिस पैरालंपिक में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। निशानेबाजी में भारत ने दो पदकों पर कब्ज़ा किया।अवनी लेखरा ने दस मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच-1 में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 249.7 अंक हासिल किए। इस स्पर्धा में मोना अग्रवाल को कांस्य पदक मिला। उन्होंने 228.7 अंक अर्जित किए।काबीले गौर है कि अवनी ने अपना ही

पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में 249.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

---

जॉर्डन के ओमान में हुई अंडर 17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपनी प्रतिद्विंदी खिलाड़ी पर एकतरफा जीत हासिल करने वाली हरियाणा के जींद के जुलाना क्षेत्र के गाँव लजवाना कलां की मानसी लाठर के सम्मान में जुलाना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह स्थल पर उन्हें एक खुली जीप में वाहनों के काफिले के साथ लाया गया और अनेक सामाजिक संस्थाओं और ग्रामीणों ने उन्हे सम्मानित किया गया। मानसी लाठर ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। मानसी लाठर ने इससे पहले एशियाई चैंपियनशिप में अंडर 17 में स्वर्ण पदक जीता था। कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में मानसी लाठर ने कहा कि उन्हे जो मान सम्मान दिया गया है उसे वो कभी नहीं भूल पाएगी। उन्होने बताया कि अब वर्ष 2028 के ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना उनका लक्ष्य है। उन्होने आहवान किया कि समाज बेटियों को चुल्हे चौंके तक ही सीमित न रखे बल्कि उन्हे आगे बढ़ने का अवसर दे।

---

फरीदाबाद जिले में आचार संहिता के उल्लंघन की बढ़ती शिकायतों को लेकर जिला उपायुक्त विक्रम यादव ने कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मीडिया में आई खबरों के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी एंव उपायुक्त विक्रम यादव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग टीमें बनाई हैं और उन्हें सख्त निर्देश दिए हैं कि वे हर हाल में आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कई जगहों पर लगे फ्लेक्स बोर्ड और पोस्टर पर छापने वाले का

नाम और फ्लेक्स की संख्या नहीं लिखे होने का संज्ञान लेते हुए , आचार संहिता का उल्लंघन रोकने हेतु छपाई की दुकानों पर छापा मारने के आदेश भी जारी किए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन कितनी संख्या में फ्लेक्स बोर्ड बनवा रहा है।

उपयुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी प्रिंटिंग प्रेस मालिकों के लिए छापे गए हर फ्लेक्स बोर्ड पर छपने वाले का नाम और उसकी संख्या लिखना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले नेताओं को भी सख्त चेतावनी दी है और कहा है कि यदि कोई बार-बार उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।